III. 'बिसाती' कहानी के द्वारा लेखक ने प्रेम की अभिव्यक्ति किस ढंग से किया है ? विस्तार से लिखिए ।

अथवा

'सभ्यता का रहस्य' निबंध के द्वारा प्रेमचंद यह उद्‌घाटित करते हैं कि आप बुरे से बुरे काम करें, लेकिन उस पर परदा डाल सकते हैं तो आप सभ्य है । अगर आप में यह सिफत नहीं तो आप असभ्य है । विस्तार से समझाइए । **(1×16=16)**

IV. किसी **दो** पर टिप्पणी लिखिए । **(2×5=10)**

1) हेतू

2) दमड़ी

3) 'समय पर मिलनेवाले' लेख में निहित व्यंग्य

V. निम्नलिखित अनुच्छेद को पढ़कर, दिए गये प्रश्नों के उत्तर लिखिए । **(10×1=10)**

'बेटी बचाओ बेटी पढाओं' एक योजना है जिसका अर्थ है कन्या शिशुओं को बचाना, उन्हें सुरक्षा प्रदान करना तथा उन्हें शिक्षित बनाना । यह योजना भारतीय सरकार द्वारा 22 जनवरी 2015 को कन्याओं के प्रति लोगों में जागरूकता उत्पन्न करने तथा महिलाओं के लिए कल्याण-कार्यक्रमों में सुधार करने के लिए शुरु की गयी थी । यह अभियान विभिन्न गतिविधियों जैसे-बडी रैलियों, दीवार पत्रिका लेखन, टी.वी. विज्ञापनों, लघु एनीमेशन, वीडियो फिल्म, निबंध-लेखन, वाद-विवाद, प्रतियोगिता आदि के आयोजनों के माध्यम से प्रारंभ किया गया जिससे समाज के अधिक-से अधिक लोगों को जागरूक बनाया जा सके । यह योजना पूरे देश में 'कन्या शिशु बचाओ' के संदर्भ में लोगों मे जागरूकता पैदा करने में महत्वपूर्ण भूमिका तो निभाएगी ही साथ ही भारतीय समाज में लड़कियाँ के स्तर को ऊपर उठाने में भी मदद करेगी । भारत के प्रत्येक नागरीक को यह समझना चाहिए कि लड़का और लड़की में कोई अंतर नहीं है । वे जिस तरह का दृष्टिकोण अपने लड़कों के प्रति रखते है वैसा ही लड़कियों के प्रति भी रखें, आज ऐसा कोई कार्य नहीं है जिसे लड़कियाँ नहीं कर सकती अत: भारत सरकार को प्रत्येक नागरीक से अपेक्षा है कि वे इस योजना को सफल बनाने के लिए अपना सहयोग प्रदान करें ।

1) 'बेटी बचाओ, बेटी पढ़ाओ' योजना कब शुरु की गयी थी ?

2) यह योजना किसने शुरु किया था ?

3) 'बेटी बचाओ, बेटी पढ़ाओ' क्या योजना है ?

4) यह योजना क्यों शुरु की गई ?

5) यह अभियान किस रूप से प्रारंभ किया गया था ?